C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:51 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:26 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 280 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 5 मई 2024



क्या डेब्यू फिल्म की शूटिंग में...पेज-3 पर

# हेमकुंड गुरुद्वारा परिसर में नहीं जाएंगी टाटा सूमो और बोलेरो

देहरादून
हमारे संवाददाता

जब यात्रा पर चरम पर होती है तब रोटेशन से बसें नहीं मिल पातीं। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि रोटेशन की ओर से गुरुद्वारा परिसर में बुकिंग काउंटर खोला जाएगा।

हेमकुंड साहिब की यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए गुरुद्वारा परिसर में बस बुकिंग काउंटर खोला जाएगा। एआरटीओ और रोटेशन कार्यालय परिसर में पहाड़ी उत्पादों की बिक्री के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। शराब पीकर बस चलाने वाले चालकों का तीन



महीने के लिए लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। चारधाम की तैयारियों को लेकर एआरटीओ (प्रशासन) अरविंद पांडेय ने ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की। बैठक में ट्रांसपोर्टरों ने कहा, ऋषिकेश से हेमकुंड साहिब के लिए एक सप्ताह केवल एकतरफा यात्री मिलते हैं।

एक सप्ताह बाद वहां से आने वाले यात्री मिलने के बाद औसत सही आता है। गुरुद्वारा प्रबंधक ने कहा कि जब यात्रा पर चरम पर होती है तब रोटेशन से बसें नहीं मिल पातीं। बैठक में इस बात पर सहमती बनी कि रोटेशन की ओर से गुरुद्वारा परिसर में बुकिंग काउंटर खोला जाएगा। गुरुद्वारा परिसर में दो-तीन बसें खड़ीं रहेंगी। सुबह-सुबह बसें हेमकुंड साहिब के लिए रवाना की जाएंगी।

एआरटीओ ने कहा कि बस ऑपरेटरों को स्थानीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों को जागरूक करना चाहिए। जिस पर रोटेशन के अध्यक्ष नवीन रमोला ने कहा कि रोटेशन के कार्यालय परिसर में एक काउंटर खोला जाएगा।

एक काउंटर एआरटीओ कार्यालय परिसर में खोला जाएगा। बैठक में रोटेशन के अध्यक्ष नवीन रमोला, मनोज ध्यानी, जितेंद्र नेगी, भूपाल सिंह, मेघ सिंह चौहान, अनुराग पुरोहित, आशु शर्मा, प्यारेलाल जुगरान, एआरटीओ मोहित कोठारी आदि उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### पहाड़ों में बदलेगा मौसम, तेज हवाओं का येलो अलर्ट

देहरादून। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले कुछ दिनों तक पर्वतीय जिलों में मौसम बदलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में आज तेज हवाओं और आंधी चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में 40 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। सप्ताह भर बाद एक बार फिर गर्मी तेवर दिखाने लगी है। शनिवार को राजधानी दून का अधिकतम तापमान चार डिग्री बढ़ोतरी के साथ 38.9 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान बढ़ा तो गर्म हवा का दौर शुरू हो गया। इसके चलते राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज धूप होने की वजह से दिन के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होने से गर्म हवाओं का दौर भी तेज हो जाएगा।

### पेड़ से टकराई कार, दो लोगों की दर्दनाक मौत

देहरादून। देहरादून में आज सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। एलआईसी मंडी के पास एक कार पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे की है। एक स्विफ्ट डिज़ायर अनियंत्रित होकर एलआईसी मंडी के पास पेड़ से टकरा गई। कार में दो लोग सवार थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

लोगों से भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की

# रोड शो: बदायूं में सीएम धामी ने सपा-बसपा पर साधा निशाना

बदायूं
एजेंसी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को बदायूं पहुंचे। उन्होंने पहले प्रेसवार्ता की, फिर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बिरूआबाड़ी मंदिर से रोड शो शुरू किया, जिसका समापन बदायूं क्लब पर हुआ।

बदायूं में रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। बदायूं आने के बाद विधायक महेश गुप्ता के आवास पर प्रेसवार्ता की और सपा, बसपा पर तंज कसा।

रविवार दोपहर करीब 12.45 बजे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सदर विधायक महेश गुप्ता के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा के शासन काल में भी आप लोगों ने देखे होंगे। किस तरह से जनता त्रस्त थी। अपराधी माफिया का राज चलता था।



गरीब कमजोर को लगातार सताया जाता था। उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा कर लिया जाता था।

धामी ने कहा कि जबसे योगी-मोदी ने प्रदेश और देश की कमान संभाली है तब से माफिया या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। माफियागीरी खत्म हो गई। तुष्टीकरण की राजनीति से जनता आजिज आ चुकी है। जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। इसके बाद उनका काफिला बिरूआबाड़ी मंदिर पहुंचा।

देवभूमि से आए सीएम पुष्कर सिंह धामी बदायूं लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में शहर में रोड-शो किया। रोड शो बिरूआबाड़ी मंदिर से प्रारंभ होकर पथिक चौक, मढ़ई चौक, हलवाई चौक, सुभाष चौक, रजी चौक, कश्मीरी चौक, इंद्रा चौक, भामाशाह चौक होते हुए बदायूं क्लब पर जाकर समापन किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की। जगह- जगह रोड शो का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। रोड शो देखने वाले भीषण गर्मी में भी डटे रहे।

# चोरों ने रिटायर चिकित्सक का बंद घर को खंगाला

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर पूरी तरह चोरों के हवाले हो चुका है चोर आए दिन दुकानों और मकानों को खंगाल कर पुलिस को चुनौती दी हैं चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोलते हुएचोरों ने एक रिटायर चिकित्सक के बंद घर को खंगाल कर वहां से लाखों के देवराज सहित अन्य सामान पार कर लिया है मुखानी थाने के आरटीओ रोड के दयाल विहार में चोरों ने एक रिटायर चिकित्सक के बंद घर से चोरों ने माल पर हाथ साफ कर दिया। इस क्षेत्र में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। मुखानी क्षेत्र में बंद घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। दिल्ली इलाज कराने गए सेवानिवृत्त चिकित्सक के बंद घर की चोरों ने खिड़की की ग्रिल काटकर लाखों के गहने चोरी कर ले गए। जब सेवानिवृत्त चिकित्सक घर पहुंचे, तब उन्हें चोरी का पता चला।

दयाल विहार आरटीओ रोड मुखानी निवासी डॉ.चंद्र मोहन सिंह धामी सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल अल्मोड़ा से सीएमएस के पद से सेवानिवृत्त हैं। वह यहां पत्नी पुष्पा के साथ रहते हैं। एक बेटा दिल्ली और दूसरा विदेश में जॉब करता है। धामी के मुताबिक काफी समय से उनकी तबीयत खराब थी और 29 अप्रैल को वह पत्नी के साथ इलाज के लिए दिल्ली में रहने वाले बेटे के पास गए थे। तीन मई की दोपहर घर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा था।

अलमारियां खुलीं और लॉक टूटे थे। घर के पिछले हिस्से की खिड़की भी टूटी थी। चोर खिड़की को तोड़कर घर घुसे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पीड़ित के मुताबिक चोर घर से 70 हजार कैश और लाखों के जेवर ले गए हैं। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्तार में होंगे इधर, लगातार बढ़ती चोरियों से पुलिस की रात्रि गश्त सवालों के घेरे में है।

पुलिस के आला अधिकारियों का कुर्सी से मोह छूट ही नहीं रहा है मुखानी थाना क्षेत्र में यह पहले चोरी नहीं है इससे पूर्व में भी चोरों ने कई चोरियों को अंजाम दिया है पुलिस ने अभी तक उन चोरियों का मुकदमा तक नहीं लिखा है ऐसे में लोगों का विश्वास पुलिस के ऊपर से उठता नजर आ रहा है अब देखना यह है कि क्या पुलिस चिकित्सा के घर हुई चोरी का खुलासा कर पाएगी या फिर और चोरियों की तरह इसका भी पटा पेश कर देगी।

# सड़क हादसे में मासूम की मौत, मां बाप गंभीर निजी अस्पताल में भर्ती

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

रविवार को थाना गदरपुर क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति और उसकी मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर रूप से घायल दंपति को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जबकि हादसे में घायल मासूम ने दम तोड़ दिया। परिवार में कोहराम मच गया। घायल दंपति बाजपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना स्थल थाना गदरपुर बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक मृतका अपने मां बाप के साथ बाईक से कीरतपुर आ रही थी। कीरतपुर में मृतका मासूम की ननिहाल बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

बताया जा रहा है कि बाईक को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे बाईक सवार दंपति व उसकी मासूम बच्ची सड़क गिर गये। तीनों के गंभीर चोटें आई। हादसे की जानकारी मिलने पर घायल दंपति के परिवार के अस्पताल में पहुंच गए।

# आस्था मर्डर के आरोपी को जेल, रुद्रपुर से किया था गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

आस्था ऊर्फ अफसाना हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में हत्यारोपी पति को गल्ला मंडी रुद्रपुर से गिरफ्तार किया गया है। हत्या की वजह शक के चलते होने वाला विवाद बताया गया है।

पुलिस ने दोनों बच्चियों को भी सकुशल बरामद कर लिया है। जिनकी सीडब्ल्यूसी संस्था से समन्वय स्थापित कर काउंसिलिंग कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। सफलता पर एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 सौ रुपए देने की घोषणा की है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बीती 11 अप्रैल को शरीफ अहमद उर्फ शफीक शेख पुत्र स्व. छोटे निवासी वार्ड नंबर 14 सुभाष कॉलोनी रूद्रपुर ने पुलिस में दी तहरीर दी थी। जिसमें कहा गया था कि उनकी पुत्री आस्था उर्फ अफसाना



सात वर्ष पहले सौरभ के साथ विवाह कर अपनी दोनों बेटियों के साथ डहरिया में किराये के मकान में रह रही थी। सौरभ उसकी हत्या कर दोनों बेटियों को लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी की गिरफ्तार करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन कर पुलिस टीमों ने बरेली, बैंगलौर, अयोध्या, आगरा, रूद्रपुर आदि स्थानों में दबिश दी। आखिरकार आरोपी को रूद्रपुर के गल्ला मंडी से गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि जब पुलिस ने छानबीन की तो मृतका का मोबाइल बरेली में किसी व्यक्ति द्वारा प्रयोग में करने की जानकारी आई। पूछताछ में यह बात सामने आई कि उसने यह मोबाइल एक व्यक्ति से मथुरा में खरीदा था। इसके बाद पुलिस टीम मथुरा गई तो वहां जानकारी मिली कि सौरभ राज दोनों बच्चियों को दाखिला किसी संस्था में कराने वाला है और बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए रूद्रपुर गया हुआ है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने अपना जाल बिछाया और आरोपी को गल्ला मंडी से धर दबोचा। साथ ही दोनों बच्चियों को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। सौरभ राज ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी पत्नी पर शक करता था, जिस कारण से घर में आए दिन विवाद होता रहता था। 8 अप्रैल को उसने विवाद होने के बाद उसकी हत्या कर दी और दोनों बच्चियों को लेकर फरार हो गया। आज हत्यारोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक, मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, हे.कां. ललित श्रीवास्तव, कां. चन्दन नेगी के अलावा टीपी नगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता, हे.कां. इसरार अहमद, कां. अरविन्द, राजेश शामिल रहे।

# जंगलों की आग से आंखों में जलन की दिक्कत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल तथा आस पास के जंगलों में लगी आग से इंसानों से लेकर जीव जंतु तक सभी परेशान होने लगे हैं। वातावरण में भारी मात्रा में कार्बन फैलने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत व आंखों में जलन होने लगी है वहीं जंगलों में आग की डर से लंगूर व बंदर से लेकर अन्य जानवर व पक्षी आग से बचे गाँव की ओर आ चुके हैं। विशेषज्ञों का वाहन है कि इस साल की आग बरसात में भारी मात्रा में मर्दा अपर्दन का कारण बनेगी।

बता दें कि नैनीताल के आस पास के क्षेत्रों में लगातार आग से स्थिति भयावह हो चुकी है। क्षेत्र के जंगलों में लगातार आग की घटनाओं के चलते चारों तरफ धुंआ फैल चुका है। धुंआ फैलने के चलते वातावरण में भारी मात्रा में कार्बन फैल चुकी है जिसके चलते क्षेत्र में लोगों की आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत हो रही है। वहीं क्षेत्र में अब भी भीषण आग लगी हुई है जिसके चलते लगातार धुंआ बढ़ रहा है।



राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. महिमन सिंह दुग्ताल का कहना है कि अस्थमा के मरीजों को ऐसे धुंए में सांस लेने में भारी दिक्कत हो सकती है। बताया कि धुंए से एलर्जी के साथ आंखों में जलन हो सकती है साथ ही हृदय रोगियों को भी दिक्कतें हो सकती हैं। बताया कि इससे बचने के लिए चश्मे तथा मास्क व पूरे कपड़े पहने, साथ ही जिस क्षेत्र में धुंआ फैल रहा है वहां जाने से बचें। दिक्कत होने पर डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

## देवीधूरा में ग्रामीण ने जंगल में आग लगाई

नैनीताल जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गाँव देवीधूरा में देर शाम किसी ग्रामीण ने जंगल में आग लगा दी। आग फैली तो जंगल धधक गए। बता दें कि शुक्रवार रात 8 बजकर 40 मिनट पर देवीधूरा के सैंडीखान तोक के एक घर के समीप ग्रामीण ने जंगल में आग लगा दी, देखते ही देखते आग जंगल में फैल गई। जंगल में आग की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गई। नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद देर रात टीम ने आग पर काबू पा लिया गया था। बताया कि आग लगाने वाले को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## जंगली जानवरों ने भी आग से बचने को आशियाने छोड़े

जंगलों में आग के बाद जंगली जानवरों ने भी आग से बचने के लिए अपना आशियाने छोड़ दिये हैं। लंगूर, बन्दर व घुरएए काकड़ समेत जंगली मुर्गियां भी जंगलों से आग से बचे हुए गाँव की ओर आ चुके हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की ओर से तेंदुओं की चहलकदमी की बात कही जा रही है। वहीं जंगलों में आग से बर्बाद जंगल से भोजन की तलाश में पशु पक्षी एक जगह से दूसरी जगह भटक रहे हैं।

जंगलों में आग लगने के चलते वातावरण प्रदूषित हो गया है। जानकारों के मुताबिक जंगलों में आग लगने के बाद नैनीताल में वायु गुणवत्ता 64 घन माइक्रो ग्राम प्रति मीटर दर्ज की गई है। सीआरएसटी इंटर कालेज के पूर्व जीव विज्ञान प्रवक्ता व प्रकृति प्रेमी कमलेश चंद्र पांडे ने बताया कि जंगलों में आग लगने से वातावरण में कार्बन की मात्रा बढ़ गई है। बताया कि प्रदूषण बढने से हिमालयी क्षेत्र में ग्लेश्यरों के पिघलने की रफ्तार तेज हो जाएगी। आग लगने से भूमि की ऊपरी परत की उर्वरा शक्ति व तंत्र नष्ट हो गया है।

जिससे मानसून में मृदा अपर्दन की भारी संभावना है। जंगलों में आग लगने से पशु पक्षियों के आवास खत्म हो चुके हैं और जैविक घड़ी रहन सहन गड़बड़ा गई है। दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के वन संरक्षक टीआर बीजू लाल ने कहा है कि जंगलों में आग लगने से वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। अब भी नैनीताल के समीप एक दो स्थानों पर आग लगी हुई है। अधिकारियों को जल्द से जल्द आग पर काबू पाने व आग लगाने वालों की खोजबीन करने के निर्देश दिए गए हैं।



## एमएनए दुर्गापाल के स्वास्थ्य लाभ की कामना के लिए हवन यज्ञ का आयोजन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

गुड़गांव के अस्पताल में भर्ती नगर निगम रुद्रपुर के मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के लिए शनिवार को शहर के आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ किया। हवन यज्ञ के मुख्य यजमान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल रहे। हवन यज्ञ पुरोहित प्रभात कुमार के सानिध्य में हुआ। इस दौरान सभी ने यज्ञ में आहुति देकर नरेश दुर्गापाल के शीघ्र स्वास्थ और दीर्घायु होने की कामना की। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि नरेश दुर्गापाल गुड़गांव के एक अस्पताल में भर्ती हैं उनका एक आपरेशन सफल हो चुका है। जबकि दूसरा आपरेशन होने वाला है। ठुकराल ने कहा कि दुर्गापाल एक काबिल पीसीएस अधिकारी हैं। इस दौरान डॉ संदीप डोगरा,सुनील चुघ, रामकुमार गुप्ता, बंटी कोली,चिराग कालरा, हिम्मत राम, अजय नारायण,शैलेन्द्र कोली,जितेन्द्र सागर, जोमी चाण्डा,अंशुल कोली, राजू गुप्ता, बॉबी टुटेजा,गौरव खुराना, राजेश गर्ग, हरभजन सिंह,शिवपद सरकार,बंटी राजौरिया,एसएन वर्मा, सुरेन्द्र रावल, कमलदीप सोनकर, सुरेन्द्र गुप्ता, फुदेना साहनी, अंकित गुप्ता, संजीव गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अंकित यादव, विक्की आहूजा आदि थे।

## भवाली में मल्टी स्टोरी पार्किंग, शॉपिंग कोम्पलैक्स का औचक स्थलीय निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल विकास निगम एम डी डा संदीप तिवाडी ने बीते रोज शनिवार को भवाली नगर में निर्माणधीन 16 करोड़ की मल्टी स्टोरी पार्किंग/, शोपिंग कोम्पलैक्स का औचक स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता के साथ 15,जून से पूर्व पार्किग स्थल पर शिप्रा के समीप के सुरक्षा कार्य को पूर्ण करने के निदेश दिये। इस दौरान पूर्व निवर्तमान पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा ने एम डी डा तिवाडी कि गुल दस्ता भेंट कर स्वागत कर पार्किंग के कार्य को लेकर जानकारी देते हुए निवेदन किया सबसे पहले वर्षात के शुरू होने से पूर्व सुरक्षा कार्य तेजी से करवाया जाना अति महत्वपूर्ण है। एम डी डा तिवाडी ने पार्किंग स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता के साथ समय अवधि में कार्य पूर्ण करने के निदेश निर्माण संस्था कुमाऊ मंडल के अधिकारियों व समबंधित ठेकेदार को दिये।



## NEWS / फटाफट

### गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग का पुतला फूंका



**हल्द्वानी।** नगर निगम के वार्ड-5 पॉलीशीट के तुलसीनगर में बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग का पुतला फूंका। वार्डवासी आज रविवार 5 मई को पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया के नेतृत्व में हुए और बिजली विभाग का पुतला फूंका। उनका कहना था कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। पूर्व पार्षद ने बताया कि बिजली कटौती से पेयजल संकट भी गहरा रहा है। पुतला दहन करने वालों में रोशन सागर, सन्नी, पंकज, गीता, रेखा चौधरी, शांति देवी आदि शामिल थे।



## विनोद ने कि पार्षद कि दावेदारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर निगम चुनावों की चर्चा होते ही कांग्रेस व भाजपा में संभावित प्रत्याशियों की सरगर्मी शुरू हो गयी है। आगामी नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 18 मूंगफली गार्डन शिवपुरी से पार्षद पद के प्रत्याशी हेतु आज नगर के भाजपा अध्यक्ष प्रताप रैकवाल के कार्यालय पर जाकर विनोद जायसवाल द्वारा उन्हें अपना आवेदन पत्र सोफा तथा अध्यक्ष से निवेदन किया कि अब वार्ड मे नये चेहरे को भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाकर भारतीय जनता पार्टी की सेवा करने का अवसर प्रदान किया जाए। इस अवसर पर प्रताप रैकवाल ने आश्वासन दिया कि मैं आपकी बात जिला अध्यक्ष तक पहुंचा दूंगा। जायसवाल ने कहा कि उन्हें अवसर प्रदान किया जाये। मुझे भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाए इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता बेबी गोयल,प्रेम सिंह, जानकी एवं अतुल गुप्ता,कन्हैयालाल जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## दिल्ली से लौट रही रोडवेज बस आज तड़के ट्रक से टकराई, चालक-परिचालक समेत यात्री चोटिल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

काठगोदाम डिपो की दिल्ली से लौट रही अनुबंधित बस आज रविवार की तड़के करीब ढाई बजे रुद्रपुर के सिडकुल के पास खड़े ट्रक से भिड़ गयी। भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी कि रोडवेज बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चालक व परिचालक और यात्रियों को भी चोटें आई हैं। परिचालक की हालत गंभीर बताई गई है, उसे रुद्रपुर से सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया है। इधर कर्मचारी संगठनों ने हादसे के लिए डिपो प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाये हैं। कर्मचारी नेताओं के अनुसार एक ही चालक से लगातार दिल्ली मार्ग पर ड्यूटी ली जा रही है, यात्रियों के जीवन से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। हल्द्वानी से दिल्ली और दिल्ली से बगैर आराम किये हल्द्वानी को वापसी में झपकी लगने के



कारण रुद्रपुर के पास यह बस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई है। उन्होंने बताया कि सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि दुर्घटनाग्रस्त इस अनुबंधित बस के स्वामी एक ही ड्राइवर से लगातार बस चलवा रहे थे। इसका परिचालकों व कर्मचारी संगठनों ने विरोध भी किया था लेकिन डिपो प्रबंधन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। इसके अतिरिक्त काठगोदाम डिपो के द्वारा हल्द्वानी खाटू श्याम 1350 किलोमीटर वाहन सिंगल चालक से चलाई जा रही है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है इस मामले में भी डिपो प्रबंधन मौन है। इधर काठगोदाम डिपो प्रबंधन ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि बस के रुद्रपुर में सिडकुल के पास खड़े ट्रक से टकराने की जानकारी मिली है। बस में कितने यात्री सवार थे इस बारे में परिचालक से बात करने व टिकट मशीन जांचने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल परिचालक केदार जोशी का सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिचालक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। कुछ यात्रियों कै चोटें लगी है उनके बारे में पता चला है कि प्राथमिक उपचार के बाद वे घर लौट गए हैं। डिपो एआरएम व इंचार्ज ने सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंच परिचालक का हाल जाना। चालक बस स्वामी की ओर से ही तैनात किया जाता है।

## निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन



**हल्द्वानी।** काया आयुर्वेद हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के प्रधानाचार्य डॉ. विनय खुल्लर द्वारा अपने आवास केनाल रोड में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का खबर लिखे जाने तक 102 रोगियों द्वारा लाभ उठाया गया।शिविर मे नि:शुल्क शूगर, ब्लड प्रेशर, न्यूरोपैथी, हृदय जाँच ई सी जी, एवं सभी को दवाईया दी गई. शिविर मे 30प्रतिशत शूगर एवं ब्लड प्रेशर, 20त्न गठिया एवं जोड़ो के दर्द, 15प्रतिशत पंचकर्मा रोगी, 20प्रतिशत पेट एवं श्वाश रोगी, 10 त्न शल्य एवं त्वचा रोगी, सामान्य रोगी थे। शिविर में मनीषा,नीरज दुमका, जिया शाहीन का सहयोग रहा

# अभिमत

## हिंसा बर्दाश्त नहीं

***प्रधानमंत्री मोदी के पहले कार्यकाल में तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह ने आदिवासियों को भड़काने वाले सफेदपोशों पर शिकंजा कसा है। दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में दर्जनों सुरक्षा कर्मचारियों के मारे जाने के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों से नक्सलवादी मानसिकता वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया। नक्सलवादी साहित्य बरामद किया गया। व्यवसायियों और ठेकेदारों को धमका कर रंगदारी वसूल करने वालों को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में नकारात्मक तथा सत्ता विरोधी सोच वालों को चिह्नित करके हिंसक तत्वों को भड़काने वाले साहित्य के प्रकाशन को रोका गया है। सुरक्षा बल भी नक्सलियों का खात्मा करने का अभियान चला रहे हैं।***

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाने पर अंधभक्त का आरोप लगाने वाले कम नहीं हैं। सच को झुठलाया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कानून व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है। आतंकवाद और नक्सलवाद पर नियंत्रण होने से जनमानस सुरक्षा के प्रति आश्वस्त हुआ है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बीते दौर की बात हो गई। नक्सलवादी हिंसा को सख्ती के साथ बातचीत से खत्म करने में काफी हद तक सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गये। नक्सलियों से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिलने के बाद भी राज्य सरकार ने नक्सलियों के समूहों के साथ बातचीत का प्रस्ताव रखा है। बातचीत के प्रस्ताव को सरकार की मजबूरी अथवा कमजोरी नहीं समझना चाहिए। सरकार की नीति स्पष्ट है कि किसी भी कीमत पर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जायेगी और शांति व्यवस्था के लिए बातचीत का रास्ता खुला है। कुछ राज्यों में पिछड़े क्षेत्रों के आदिवासियों को गुमराह कर हिंसा की आग में झोंका जाता है। आदिवासी क्षेत्र में विकास कार्य में हिंसक तत्व बाधा डालते हैं। सड़क, बिजली और पानी की परियोजनाओं के निर्माण को रोका जाता है। यदि सुरक्षा बलों को तैनात करके निर्माण कार्य कराया जाता है तो नक्सली हमले करते हैं। आदिवासियों के युवक तथा युवतियों को पढ़ने नहीं देते। स्कूल और कालेजों की छात्राओं को गुमराह कर जंगल में ले जाकर शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। महिलाओं का शारीरिक उत्पीड़न करते हैं। नक्सलियों के चंगुल से छूट कर आई महिलाओं ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। महिलाओं ने आपबीती बताई है। हाल ही में मारे गये 29 नक्सलियों में से भी 15 महिलाएं हैं। चुनाव होने पर नक्सल प्रभावित जंगलों में विभिन्न पार्टी के नेता प्रचार करने नहीं जा पाते हैं। आत्मघाती नक्सलियों ने मंत्रियों, अधिकारियों और सुरक्षा बलों के वाहनों को बम से उड़ाने की दुस्साहसी घटनाएं की हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पहले कार्यकाल में तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह ने आदिवासियों को भड़काने वाले सफेदपोशों पर शिकंजा कसा है। दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में दर्जनों सुरक्षा कर्मचारियों के मारे जाने के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों से नक्सलवादी मानसिकता वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया। नक्सलवादी साहित्य बरामद किया गया। व्यवसायियों और ठेकेदारों को धमका कर रंगदारी वसूल करने वालों को गिरफ्तार किया गया है। उच्च शिक्षण संस्थानों में नक्सलवादी कथित बुद्धिजीवियों और मीडिया में नकारात्मक तथा सत्ता विरोधी सोच वालों को चिह्नित करके हिंसक तत्वों को भड़काने वाले साहित्य के प्रकाशन को रोका गया है।

# कुमाऊं विवि को नैक टीम के ग्रेड का इंतजार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




कुमाऊं विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग हेतु पुनर्मूल्यांकन में आई राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की पीयर टीम ने शनिवार को अपना निरीक्षण कार्य पूरा कर लिया है अब कुमाऊं विवि प्रशासन को नैक टीम की तरफ से दिए जाने वाले ग्रेड का इंतजार है। टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट ऑनलाइन समिट कर दी गई।

बता दें कि तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शनिवार को टीम के चेयरमैन प्रो0 टीवी कट्टीमनी (वाइस चांसलर इंदिरा गाँधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी आन्ध्र प्रदेश) ने कुविवि के देवदार सभागार में एग्जिट मीटिंग की। इसमें नैक टीम ने रिपोर्ट की एक कॉपी बंद लिफ ाफे में कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत को भी दी। इस रिपोर्ट में सिर्फ यह रहता है कि टीम ने जो मूल्यांकन किया उसमें क्या पाया। फि लहाल यह रिपोर्ट तब तक लिफ ाफे में ही बंद रहेगी जब तक नैक से विवि की नई ग्रेड को लेकर रिजल्ट जारी नहीं कर दिया जाता।

नैक पीयर टीम में चेयरमैन प्रो0 टीवी कट्टीमनी ने सृजनात्मक शिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा वक्त में जरूरी है कि शिक्षण पद्धति के तमाम नई तकनीक और संसाधनों को अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है तो उनके ज्ञान और कौशल के स्तर को बढ़ाना होगा। नैक टीम ने स्पष्ट रूप से निरीक्षण में क्या पाया इसको लेकर कुछ भी कहने से गुरेज किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत ने नैक पीयर टीम का आभार व्यक्त किया और साथ ही विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकोंए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी मेहनत के लिए साधुवाद दिया। एक्जिट मीटिंग में निदेशक डीएसबी परिसर प्रो0 नीता बोरा, कुलसचिव दिनेश चंद्रा, वित्त नियंत्रक श्रीमती अनीता आर्या, निदेशक आई0क्यू0ए0सी0 प्रो0 संतोष कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र सिंह राणा, प्रो0 प्रदीप गोस्वामी, प्रो0 अतुल जोशी, प्रो0 ललित तिवारी, प्रो0 संजय पंतए प्रो0 एम0सी0 जोशीए प्रो0 दिव्या उपाध्यायए प्रो0 गीता तिवारीए प्रो0 अनिल कुमार बिष्ट, डॉ0 रितेश साह, डॉ0 नागेंद्र शर्मा, डॉ0 मनीषा सांगुड़ी, डॉ0 दीपाक्षी जोशी समेत उप कुलसचिव दुर्गेश डिमरी व डॉ0 संजीव कुमार सहित एल0डी0 उपाध्याय तथा कैलाश जोशी के साथ विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अधिकारी मौजूद रहे जबकि नैक पीयर टीम में चेयरमैन प्रो0 टीवी कट्टीमनी के साथ प्रो0 अपूर्बा रतन घोष निदेशक यूजीसी एकेडमिक स्टाफ कॉलेज द यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान वेस्ट बंगाल, प्रो0 दिनेश कुमार मेहता एमएम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी हरियाणा, प्रो0 मुरलीकृष्णा चालला उस्मानिया यूनिवर्सिटी तेलंगानाद्ध समेत प्रो0 चंद्रकांत बाविस्कर स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा यूनिवर्सिटी महाराष्टद्ध व प्रो0 हेमंत शर्मा प्रो वाइस चांसलर जीएनए यूनिवर्सिटी पंजाब सम्मिलित रहे। अंत में कुविवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने सभी का आभार जताया।

## हरीशताल में गर्मियों की रामलीला मंचन 28 मई से

**हल्द्वानी।** ग्राम सभा हरीशताल में श्री रामलीला मंचन को? लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें रेवाधर भट्ट को संरक्षक, दयानन्द सनवाल अध्यक्ष, दीपा त्रिपाठी उपाध्यक्ष, दिनेश भट्ट मैनेजर, मथुरा दत्त भट्ट व ललित मोहन भट्ट सचिव जगदीश चन्द्र भट्ट कोषाध्यक्ष, पूरन चन्द्र भट्ट मीडिया प्रभारी व? देवीदत्त भट्ट को स्टोर कीपर बनाया गया है। इस मौके पर तय किया गया कि ग्राम सभा हरीशताल में 28 मई से श्रीराम लीला का आयोजन किया जायेगा?। कमेटी के मीडिया प्रभारी पूरन भट्ट ने बताया कि ग्राम सभा हरीशताल की यह सबसे पुरानी रामलीला है यहां रामलीला गर्मियों में इसलिए कराई जाती है क्योंकि इन दिनों एक तो स्कूलों में छुट्टी होती है जितने भी लोग बाहर रहते हैं उनको आने का मौका मिल जाता है और दूसरा इन दिनों फसल कट चुकी होती है। इस मौके पर दयानन्द भट्ट, गणेश दत्त जोशी, उमेश त्रिपाठी, सूरज भट्ट, रमेश चन्द्र भट्ट, त्रिलोचन भट्ट, तुलसी दास भट्ट आदि उपस्थित थे।

# शिविर में 50 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



भारत विकास परिषद रूद्रपुर शाखा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर के ब्लड बैंक में किया गया। शिविर में 50 से अधिक महादानियों ने रक्त्दान किया।

शिविर का शुभारम्भ भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, नारायण अस्पताल के एमडी डा. प्रदीप अदलखा, डा. सोनिया अदलखा, भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव नरेन्द्र अरोरा, नगर इकाई के अध्यक्ष आदि ने संयुक्त रूप से मां भारती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया।

इस दौरान परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खेड़ा ने शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा ही भारत विकास परिषद का प्रमुख उद्देश्य एवं ध्येय है। भारत विकास परिषद हमेशा से ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है। परिषद सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और समाज को इससे सीधा लाभ मिल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्यों में भी परिषद अपना योगदान समय समय पर देता आ रहा है। कार्य है। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान बचाई ज सकती है। अस्पताल के एमडी डा. प्रदीप अदलखा ने शिविर में पहुंचे सभी अतिथितियों एवं रक्तदान करने आये सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के लिए सभी को बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे शिविर आयोजित होने से गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय रक्त की कमी पूरी की जा सकती है। रक्त की कमी वालों के लिए जरूरत की पूर्ति जीवनदान जैसी है। कार्यों से अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। डा. सोनिया अदलखा ने कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता। शरीर में प्रत्येक चार महीने में नए ब्लड का निर्माण होता है। ऐसे में लोग ये न सोचें कि रक्तदान से शरीर में कोई कमी आ जाती है। उन्होंने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद की अनमोल है।

कहा कि जब भी मौका मिले तो रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी महादानियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजो, मोनिका करनवीर, डॉ परमजीत चीमा, सुभाष नारंग,प्रदीप कुमार चौधरी, राजन, संजय ठुकराल,मीनाक्षी आदि शामिल थे।

# फिल्मी दुनिया

## क्या डेब्यू फिल्म की शूटिंग में घबराए हुए थे सनी देओल?



*सनी दओल को आखिरी बार बड़े पर्दे पर फिल्म गदर 2 में देखा गया था। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म के बाद अभिनेता कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हाल ही में वे द ग्रेट इंडियन कपिल शो में अपने भाई बॉबी देओल के साथ पहुंचे। इस शो में उन्होंने कई दिलचस्प बातें बताईं। जब सनी से पूछा गया कि इतने बड़े सुपरस्टार के बेटे होने पर क्या उन्हें कभी कोई दबाव महसूस हुआ? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, दरअसल, मैंने कभी ऐसा नहीं सोचा। सनी ने कहा, मैं बस इतना जानता था कि मैं एक अभिनेता बनना चाहता हूं और मैं पहले से ही इस पर काम कर रहा था। मुझे आज भी बहुत अच्छे से याद है कि मेरी पहली फिल्म बेताब का मुहूर्त मेहबूब स्टूडियो में हुआ था। वहां बॉबी भी थे। वे बहुत छोटे थे। पूरी इंडस्ट्री वहां मौजूद थी। स्टेज खचाखच भरा हुआ था। मैंने संवाद पढ़े और उन्हें तुरंत बोल दिया। मैं बिल्कुल भी घबराया हुआ नहीं था। इसके बाद कपिल ने छोटे भाई यानी बॉबी देओल से पूछा कि धर्मेंद्र सुपरस्टार थे, सनी देओल सुपरस्टार थे, जब आपकी बारी आई तो आप तनावग्रस्त थे या आपको निर्देशित करने वाला तनावग्रस्त था?*

### जवाब मजाकिया अंदाज में

*इसका जवाब बॉबी ने मजाकिया अंदाज में दिया। उन्होंने कहा, शायद इसीलिए शेखर कपूर भाग गए, लेकिन फिर राजकुमार संतोषी ने फिल्म का निर्देशन किया। उन्होंने आगे कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दबाव में हूं। मेरे पिता मेरे लिए सब कुछ हैं। वह एक लीजेंड हैं। सनी भैया एक सुपरस्टार हैं। आज, मैं इस बात से खुश हूं कि मेरे भाई ने 22 साल के इंतजार के बाद गदर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी और उसी साल सबसे पहले मेरे पिता की फिल्म रिलीज हुई। उन्होंने जो किरदार निभाया अगर वह कोई और करता तो उतना मजा नहीं आता और फिर मेरी फिल्म रिलीज हुई। यह भी एक बड़ी हिट थी। मुझे खुशी है कि मैंने अपने पिता की आंखों में खुशी देखी।*

# बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरीत की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लगातार चलने वाले अभियान के तहत आज दिनांक सारथी फाउंडेशन समिति के द्वारा बच्चों की शिक्षण सामग्री राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमोरी मल्ली नगर क्षेत्र की प्रधानाचार्या चम्पा पुरोहित एवं दीपा जोशी की उपस्थिति मै कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चों में वितरित की गयी।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत, कविताओं एवं श्लोक का पाठ किया गया। सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत एवं संस्था के सभी सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर स्कूल प्रशासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि सारथी गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए हमेशा आगे रहा है और हम् इस मुहीम को लगातार जारी रखेंगे। और हम यह भी सुनिश्चित करेंगे आगे कोई भी बच्चा शिक्षा के अभाव मै नहीं रहना चाहिए। अपने सम्बोधन मै संस्थापक सदस्य ज्ञानेंद्र जोशी ने कहा कि सारथी लगातार शिक्षा की मुहीम मै अपना योगदान दे रहा है और इस दिशा मै अभी कई महत्वपूर्ण कार्य करने हैँ। तत्पश्चात प्रधानाचार्या चम्पा पुरोहित द्वारा संस्था का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा समय समय पर स्कूल पर आकर बच्चों को सामग्री वितरण कर बच्चों का उत्साहवर्धन करने पर बहुत बहुत धन्यवाद देती हू। कार्यक्रम में नवीन पंत, ज्ञानेंद्र जोशी, मंजू सनवाल,पूजा पंत, हेमा जोशी, केतन जायसवाल, बबिता टकवाल, भावना पाण्डे,रंजना जोशी, सोना तिवारी, मोनिका सिंघल, संदीप, कुलदीप आदि की मौजूदगी रही।



# नैनीताल बैंक इस वर्ष उत्तराखंड में खोलेगा 12 नई इकाईयां

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं के सबसे पुराने बैंक नैनीताल बैंक को वित्तीय वर्ष 2023–24 में 107.82 करोड रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है और बैंक का एनपीए 4 प्रतिशत से घटकर 1 प्रतिशत से कम रह गया है। नैनीताल बैंक इस वर्ष उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में 12 नई शाखाएं खोलने जा रहा है। जिसमें चार बैंक हल्द्वानी और तीन बैंक जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में खोले जाएंगे। बैंक मोबाइल बैंकिंग वैन द्वारा अपनी सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रो तक पहुंचा रहा है बैंक मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन नैनी डीजी भी जल्द जारी करने जा रहा है। जिससे बैंक के ग्राहकों को



घर बैठे बैंकिंग की सुविधा मिल सकेगी शनिवार को नैनीताल बैंक प्रधान कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन ने बताया की बैंक ने मार्च 2024 वार्षिक की समाप्ति के बाद 107.82 करोड़ का ऑपरेटिंग प्रॉफिट अर्जित किया साथ ही साथ बैंक का कुल व्यवसाय 12305.42 से बढ़कर13086.87 करोड़ हो गया है जो अब तक का सर्वोच्च व्यवसाय है। बैंक ने विगत दो वर्षों में 1500 करोड़ से अधिक का व्यवसाय कर विभिन्न मानकों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस वर्ष बैंक द्वारा अपने डिमांड डिपाजिट में 13.80त्न की वार्षिक वृद्धि,सेविंग डिपाजिट में 9.85त्न एवं कुल डिपाजिट में 7.63त्न की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। बैंक के सकल एडवांस में 10.41त्न की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गयी है। बैंक का नेट एनपीऐ 1त्न से कम है जो की बैंकिंग क्षेत्र के मानकों में उच्च स्तरीय माना जाता है और कासा डिपाजिट 41.75 त्न है बैंक का नेट प्रॉफिट 31 मार्च को 47.10 करोड़ हो गया है 7 बातचीत के दौरान प्रबंध निदेशक निखिल मोहन ने कहा की होम लोन लेने वाले ग्राहकों को नैनीताल बैंक 15 मिनट के भीतर लोन देने की सुविधा देने जा रहा है। बैंक जल्द डिजिटल बैंक यूनिट भी अपनी शाखाओं मे स्थापित करने जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रो की उन्नति एव रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु स्वयं सहायता समूह को वित्तपोषित करने हेतु नयी योजना लाये हैं जो ग्रामीण क्षेत्रो में सुनिश्चित रोजगार के अवसर पैदा करेगी। इस दौरान बैंक के चीफ ऑपरेटिंग अधिकारी डॉ दीपक पंत, उपाध्यक्ष राहुल, संजय गुप्ता, प्रधान एवं बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## News कॉर्नर

### बीएससी रेड व जेवियर के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

नैनीताल। इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट–2024 प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को बीएससी रेड और जेवियर के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में टॉच जीतकर प्रथम बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया सेंट जेवियर्स नैनीताल ने और निर्धारित ओवर में 75 रनों की अर्चना की अपने सभी विकेट खोकर टीम के लिए सर्वाधिक रन विपिन ने 17 बनाए। भारतीय सैनिक विद्यालय की तरफ से गेंदबाजी में जनक बिष्ट तीन विकेट जबकि आयुष कांत दो विकेट रोहित तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछे करने उत्तरी भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया।

### शराब की दुकान हटाने की मांग पर जनप्रतिनिधि मुखर

अल्मोड़ा। भतरौंजखान में शराब की दुकान हटाने की मांग पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। जल्द दुकान न हटने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी। शनिवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक प्रमुख बेतालघाट आनंदी देवी के नेतृत्व में सीएम को ज्ञापन भेजते हुए कहा कि भतरौंजखान में रानीखेत रोड पर सरकारी शराब की दुकान नियमों के विरुद्ध खोली गई है। दुकान के पास मंदिर और स्कूल स्थित है। दुकान से ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध तरीके से शराब की तस्करी की जाती है, जिससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। जब शराब तस्करी के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो जान से मारने तक की धमकी दी जाती है। मकान मालिक ने भी शराब व्यवसायी से मौखिक और लिखित रूप से दुकान को खाली करने की मांग की, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। चेतावनी देते हुए कहा जल्द दुकान नहीं हटी तो आचार संहिता समाप्त होते ही बड़ा आंदोलन होगा।

# धक्का-मुक्की के दौरान गिरकर हुई थी युवक की मौत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के समीप गेठिया क्षेत्र के गधेरे में 23 अप्रैल (मंगलवार) को लखीमपुर खीरी निवासी युवक का शव मिला था। पुलिस ने मामले की जांच की तो मामले में नया मोड़ आ गया है। गुम होने के दिन ही मृतक का उसके साथी के साथ धक्का–मुक्की हुई तो मृतक खाई में गिर गया। जहां युवक के साथी ने ही मृतक के शरीर से कपड़े उतारकर छिपा दिये थे। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि बीते 23 अप्रैल (मंगलवार) को नैनीताल के समीप गेठिया क्षेत्र के एक गधेरे में युवक का सड़ा गला शव पुलिस को बरामद हुआ था। पूछताछ करने के बाद शव की शिनाख्त लखीमपुर खीरी निवासी 36 वर्षीय राजेश के रुप में हुई थी। 30 मार्च से गुम युवक की उसके परिजनों ने तल्लीताल थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। शव मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के साथियों से पूछताछ की तो उन्हें कुछ शक हुआ। लोगों से पूछताछ के बाद 30 मार्च को मृतक की उसके एक साथी के साथ विवाद होने की बात भी सामने आई। जिसके बाद पुलिस ने उसके साथी लखीमपुर निवासी मनोज कुमार से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह दोनों गेठिया के एक होटल का निर्माण कार्य कर रहे थे। राजेश का 30 मार्च के घर जाने को लेकर उसके साथ विवाद हो गया था। इस बीच सडक किनारे उसकी राजेश से धक्का मुक्की हुई तो राजेश खाई में गिर गया और उसकी मौत हो गई। डर के चलते उसने राजेश के कपड़े उतारकर जंगल में भी छिपा दिये। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि मामले में आईपीसी की धारा 304ए 201 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। नैनीताल–हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में ज्योलीकोट के समीपवर्ती आमपड़ाव क्षेत्र में शुक्रवार को मिले शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम आमपड़ाव के गधेरे में ग्रामीणों ने एक शव देखा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ व अग्निशमन की टीम की मदद से लगभग 500 फीट गहरी खाई से शव को निकाला था। लोगों से पूछताछ के बाद शव नेपाल मूल के मजदूर का बताया गया। संदिग्ध परिस्थिति में मौत के चलते पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव कब्जे में ले लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि नेपाल मूल के मजदूर नवीन ओली के शव का पोस्टमार्टम कर शनिवार को परिजनों को सौंप दिया है।

# आरोपी युवक पहुंचा सलाखों के पीछे, किशोरी परिजनों के सुपुर्द

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- फेसबुक से हुई थी दोनों की दोस्ती,7 अप्रैल को लापता हो गई थी

कोतवाली क्षेत्र से लापता नाबालिक लड़की को पुलिस ने मध्य प्रदेश निवासी युवक के साथ बरामद उसे परिजनों को सौंप दिया। जब कि आरोपी युवक को कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 7 अप्रैल को नाबालिग लड़की के लापता होने की सूचना दी। इस पर पुलिस ने नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ अपने परिचित के आई थी। तभी वह लापता हो गई। पुलिस ने किशोरी की बरामदगी को सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी कैमरे में किशोरी एक युवक के साथ जाती हुई दिखाई दी। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि विवेचना एसआई विकास कुमार को सौंपी। उन्होंने बताया कि किशोरी व उक्त युवक के रोडवेज के पास खड़े होने की सूचना मिली। इस पर विवेचक समेत एएसआई नवीन जोशी,महिला कांस्टेबल प्रिया, अमित जोशी, महेंद्र कुमार आदि के साथ मौके पहुंचे तो वहां खड़े दोनों पुलिस को देख घबरा गये। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और कोतवाली लेकर पहुंचे। कोतवाल ने बताया कि पूछताछ में युवक ने अपना नाम हल्काई बंसकर, निवासी ग्राम डोभा जिला पन्ना, मध्य प्रदेश बताया।

किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक युवक और किशोरी की दोस्ती फेसबुक से हुई थी।

# युवक पर चाकू से हमला करने में शामिल पांच आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अटरिया मेले में आवास विकास निवासी युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले पांच नाबालिग आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने हमले में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने पांचों आरोपितों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। शनिवार को पुलिस कार्यालय में

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गुरुवार रात आवास विकास निवासी नंदू कोली अटरिया मेले में घूमने गया हुआ था। जहां हुए विवाद के दौरान कुछ युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था। हमले में नंदू की आंत बाहर आ गई थी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल से हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया था। मामले में नंदू कोली की मां कमला देवी की तहरीर पर पुलिस ने पांच पर जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले । सीसीटीवी कैमरों की मदद से हमलावरों की पहचान रम्पुरा निवासी पांच किशोरों के रूप में हुई। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई थी। एसपी सिटी ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि पांचों हमलावर फाजलपुर महरौला के मैदान में बैठे है। इस पर थानाध्यक्ष पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, एसआइ प्रियंका टम्टा, कांस्टेबल पंकज पोखरियाल, कृपाल सिंह, प्रकाश भट्ट,नितिन कुमार,अमित जोशी मौके पर पहुंचे और पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू भी बरामद किया। एसपी सिटी ने बताया कि पूछताछ में पांचों किशोरों ने बताया कि उनकी घटना से पहले नैनीताल रोड पर नंदू कोली से विवाद हो गया था। बाद में वह उन्हें अटरिया मेले में दिख गया और फिर उनके बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने पांचों आरोपियों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।इस दौरान सीओ पंतनगर ओपी शर्मा भी मौजूद थे।

# इस्कॉन के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन

देहरादून। इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का आज सुबह देहरादून में निधन हो गया। उन्होंने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है।

बता दें कि गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था।

# युवा वैश्य महासभा हल्द्वानी की कार्यकारिणी बैठक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

युवा वैश्य महासभा हल्द्वानी की कार्यकारिणी बैठक (सदस्यता अभियान शुभारंभ) युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष उमेश गुप्ता एवं महामंत्री रमेश केसरवानी के नेतृत्व में खण्डेलवाल भवन कालाढूंगी रोड हल्द्वानी में सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने बताया कि युवा वैश्य महासभा का कार्यकाल समाप्ति की ओर है आगामी वर्ष की सदस्यता हेतु पारित किया गया कि सदस्यता अभियान का शुभारंभ होना है जिसका सदस्यता प्रभारी युवा वैश्य महासभा कार्यकारी अध्यक्ष अतुल जायसवाल को सर्वसम्मति से घोषित किया गया। साथ ही सभी घटकों के अध्यक्षों से आग्रह किया कि




अपने अपने समाज से सह प्रभारियों के नाम देकर सदस्यता अभियान में सहयोगी बनें। इस अवसर पर युवा वैश्य महासभा संरक्षक एवं अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील अग्रवाल (पप्पी), मनोज जायसवाल , अग्रवाल युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल , महावर युवा समिति अध्यक्ष संदीप गुप्ता , युवा वैश्य महासभा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुमित केसरवानी , निशुल अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, पंकज अग्रवाल, कपिल अग्रहरि, आशीष केसरवानी , उदय गुप्ता, सचिन जायसवाल, बन्टी गुप्ता , नवनीत देवल , सचिन खण्डेलवाल, संतोष केसरवानी , संदीप केसरवानी, विपुल अग्रवाल , सीए लव मित्तल, अजय गुप्ता (अज्जू) , संजू केसरवानी, नितिन केसरवानी, अमित वार्ष्णेय, अनुभव मित्तल आदि युवा साथियों की उपस्थिति रही।

# ट्रांजिट कैंप पुलिस ने स्मैक तस्करी में लिप्त तस्कर को दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के दौरान स्मैक की तस्करी में लिप्त एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8–66 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

जनपद में पुलिस का नशा विरोधी अभियान चल रहा है। इसी अभियान के तहत थाना ट्रांजिट कैंप के निरीक्षक भारत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने गंगापुर रोड पर स्थित शैल भवन के



पास एक युवक संदिग्ध खड़ा देख उसके पास पहुंचे तो वह पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में उसने अपना नाम सुमित वर्मा पुत्र राजेश वर्मा निवासी वार्ड 7 आजादनगर ट्रांजिट कैम्प, बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक 8–66 ग्राम स्मैक थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पूछताछ में युवक ने बताया कि वह स्वयं स्मैक का नशा करता है और अपना खर्चा निकालने के लिए स्मैक बेचने का काम भी करता है। यह स्मैक एक महिला से खरीद कर लाने की बात बताई। उस महिला को मौसी–मौसी कहते हैं और वह रोडवेज के आस पास घूमती है। पुलिस ने आरोपी का सम्बंधितत धाराओं में चालान करन कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। टीम में एसआई गणेश पाण्डेय, दिनेश चंद्र आदि शामिल थे। उधर पुलिस उक्त महिला की तलाश कर रही है।